भारतीय कृषि महाविद्यालय, दुर्ग (छत्तीसगढ़) के कृषि स्नातक तृत्तीय बर्ष के विद्यार्थियों की के शैक्षणिक भ्रमण की रिपोर्ट

Report on the Educational Tour of BSc. Agriculture IIIrd Year Students from Bhartiya Agriculture College, Durg (Chhattisgarh)

भारतीय कृषि महाविद्यालय, दुर्ग (छत्तीसगढ़) के कृषि स्नातक तृत्तीय बर्ष के विद्यार्थियों ने दो संकाय सदस्यों के साथ 24 अप्रैल, 2025 को भा.वा. अ. शि. प.- हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान का दौरा किया। श्री कुलवंत राय गुलशन के द्वारा आगंतुकों का स्वागत किया गया। श्री ज्वाला प्रसाद , बरिष्ठ तकनीकी अधिकारी द्वारा पॉवर पॉइंट प्रस्तुति से संस्थान द्वारा विकसित प्रौद्योगिकी, विस्तार गतिविधियों एवं वर्तमान में चल रही अनुसंधान गतिविधियों/विविध परियोजनाओं के बारे में संकाय एवं विद्यार्थियों को अवगत करवाया। डॉ. संदीप शर्मा, निदेशक ने भारतीय वानिकी अनुसंधान शिक्षा परिषद के बारे में भी संक्षेप में जानकारी दी। डॉ. वनीत जिशतु प्रभाग प्रमुख, विस्तार ने उत्तर पश्चिमी हिमालय की जैव विविधता मुख्यत औषधीय ओपौधों के बारे मे जानकारी दी। उसके बाद विद्यार्थियों को प्रौद्योगिकी प्रदर्शन केंद्र का भ्रमण भी करवाया गया तथा जहां उन्हें राजेंद्र पाल, तकनीकी सहायक के द्वारा प्रदर्शित विकसित तकनीकों और उत्पादों के बारे में जानकारी दी गई।

****